IndiaAlliance
DBT wellcome
www.indiaalliance.org

# सुनो, चमगादड़ की बात



नमस्कार ! मैं बेबो,
एक शाकाहारी चमगादड़ हूँ।


कुछ अफ़वाहें चमगादड़ को *कोविड-19*
महामारी के लिए दोषी ठहरा रही हैं।

मैं यहाँ सच्चाई बताने आया हूँ।

**20%** स्तनपायी जीव चमगादड़ होते हैं

**1411** दुनिया भर में चमगादड़ों की प्रजातियाँ

**128** चमगादड़ की प्रजातियाँ भारत में




## मेरे बारे में कुछ तथ्य

- मैं कोई पक्षी नहीं हूँ, मैं एकमात्र स्तनपायी हूँ जो उड़ सकता है।



- मैं प्रतिवर्ष केवल 2 बच्चे पैदा करता हूँ।
- 'चमगादड़ की तरह अन्धा' मुहावरे का उपयोग करना बन्द कर दें, क्योंकि मैं साफ़-साफ़ देख सकता हूँ। मैं अन्धेरे में अपना रास्ता खोजने के लिए ध्वनि का भी उपयोग करता हूँ और अपने शिकार का पता लगाता हूँ।
- मैं अहिंसा में विश्वास करता हूँ और मनुष्यों पर हमला नहीं करता।
- अगर मैं आत्मरक्षा में आपको काटता हूँ, तो एहतियात के तौर पर आप रैबीज़ का टीका लगवाएँ, जोकि आप कुत्ते के काटने पर लगवाते हैं।

## मैं एक हीरो हूँ, राक्षस नहीं !

हम फल,रस और कीड़े खाते हैं, इसलिए परागकणों के फैलाने वाले यानी पॉलिनेटर्स और कीट नियंत्रकों के रूप में काम करते हैं।



हमारे कुछ कीड़े खाने वाले रिश्तेदार एक रात में 1000 मच्छर खा सकते हैं, इस प्रकार मच्छर जनित बीमारियों से हम आपकी रक्षा करते हैं।

## मेरा उपयोगी मल (गुआनो)

- मेरा मल सबसे अच्छे प्राकृतिक फर्टिलाईज़र में से एक है।
- ऐसे जीव जो अन्धेरी जगह जैसे कि प्राचीन इमारतें और गुफ़ा में रहते हैं, वह जीवित रहने के लिए पूरी तरह से मेरे मल पर निर्भर करते हैं।



- मेरे आस-पास मौजूद मेरा मल किसी गम्भीर बीमारी का कारण नहीं है, लेकिन अगर यह आपके सीधे सम्पर्क में आता है तो संक्रमित कर सकता है। इसलिए इसे छूने से पहले कृपया मास्क और दस्ताने पहनें।

## वायरल रोग से बचने की मेरी अद्भुत इम्यूनिटी



- वायरल रोग से बचने की मेरी इम्यूनिटी काफ़ी अच्छी है। कई वायरस मेरे अन्दर रहते हैं, लेकिन मुझे बीमार नहीं करते।
- हम आमतौर पर इन वायरस को अपने अन्दर रखते हैं लेकिन जब मनुष्य हमारे निवास स्थान को नष्ट करते हैं तो वे इनके सम्पर्क में आ जाते हैं।
- नया कोरोनावायरस मेरे अन्दर रहने वाले वायरस से सम्बन्धित है, लेकिन यह सीधे मुझ से नहीं आया।
- मैंने सुना है कि वैज्ञानिक वायरल रोग से बचने की मेरी इम्यूनिटी का अध्ययन कर रहे हैं।



मुझे मारने से आपको COVID-19 या सम्बन्धित बीमारियों से निपटने में मदद नहीं मिलेगी। यह केवल पारिस्थितिकी संतुलन को बिगाड़ेगा और अधिक पशु-जनित रोगों को जन्म देगा। जीवित रहकर मैं आपको इस ग्रह को फिर से महान बनाने में मदद करूँगा।

बैटमैन मेरी महाशक्तियों पर आधारित एक काल्पनिक चरित्र है – मुझमें है असली दम !



Designed & Illustrated by Richa Kedia www.richakedia.com

हमें परेशान करने की बजाय, www.who.in तथा www.mohfw.gov.in पर दिए दिशा निर्देशों का पालन करके खुद को COVID-19 से बचाएँ।

**अनुवाद :** युक्ति अरोरा